आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 08.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- यूनेस्को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत समिति का 20वां सत्र आज से नई दिल्ली में शुरू होगा।
- राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आज लोकसभा में विशेष चर्चा शुरू होगी।
- नोनेरा वृहद पेयजल परियोजना के चारो पैकेज के लिए 1,149 करोड़ रूपये से अधिक के कार्यादेश जारी।
- दौसा जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मेहंदीपुर बालाजी के लिए आज दिल्ली से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो रही है।

0000

यूनेस्को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत समिति का 20वां सत्र आज से नई दिल्ली में शुरू होगा। भारत पहली बार इस सत्र की मेजबानी कर रहा है। लालकिला परिसर में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता यूनेस्को में भारत के राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि विशाल वी. शर्मा करेंगे। इस छह दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होने के लिए सदस्य देशों की ओर से प्रस्तुत नामांकनों की जाँच करना, मौजूदा धरोहरों की स्थिति की समीक्षा करना और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहायता प्रदान करना है। इस सत्र का उद्‌घाटन समारोह कल लालकिले में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपने संदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के लिए विरासत कभी भी पुरातन के प्रति मोह नहीं रहा है बल्कि यह ज्ञान और समुदाय की निरंतर धारा का प्रतीक रही है। उन्होंने कहा कि भारत का '**विकास भी, विरासत भी**' का नारा यह सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता है कि आधुनिकीकरण और शहरीकरण सांस्कृतिक जड़ों को मिटाने के बजाय संस्कृति को मज़बूत करे।

00000

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आज लोकसभा में विशेष चर्चा शुरू होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस चर्चा की शुरुआत करेंगे। चर्चा के लिए दस घंटे का समय निर्धारित किया गया है। पिछले सप्ताह इस बारे में जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया था कि पूरे दिन की चर्चा दोपहर 12 बजे शुरू होगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि 8 दिसंबर को वंदे मातरम पर चर्चा और 9 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर बहस होगी।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल मंत्रीपरिषद के सदस्यों और विधायकों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक में श्री शर्मा ने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरा होने पर 15 दिन के कार्यकमों की रूपरेखा तैयार की गई है। मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायकों, जिलाअध्यक्षों, मेयर तथा प्रधान सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की और सरकार की योजनाओं, नीतियों और कामों का प्रचार–प्रसार करने में सकिय सहभागिता की अपील की। श्री शर्मा कल जयपुर में सोशल मीडिया वॉरियर्स मीट में भी शामिल हुए और कन्टेन्ट क्रियेटर्स से सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने में सहभागिता निभाने का आग्रह किया।

....

00000

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कल जयपुर के विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 101 करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें नाडी का फाटक पर चार लेन आरओबी और सीतावाली तथा बैनाड फाटक के बीच आरयूबी का शिलान्यास और अन्य काम शामिल है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से यातायात सुगम होगा और क्षेत्र की कनेक्टिविटी बढेगी। इस मौके पर उप

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में बेहतर बुनियादी सुविधाओं के साथ आधुनिक ढांचा विकसित करने का सतत प्रयास किया जा रहा है।

....

0000

नोनेरा वृहद पेयजल परियोजना के चारो पैकेज के लिए जलदाय विभाग ने 1,149 करोड़ रूपये से अधिक के कार्यादेश जारी कर दिये है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ इस परियोजना की विस्तृत समीक्षा की। श्री बिरला ने कहा कि नोनेरा परियोजना कोटा–बूंदी के लाखों परिवारों के लिए वरदान साबित होगी। जल जीवन मिशन के तहत साल 2021 में स्वीकृत इस परियोजना को अगस्त 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

....

00000

दौसा जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मेहंदीपुर बालाजी के लिए आज से **दिल्ली से** हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होगी। यह पहली उड़ान सेवा दिल्ली से पांच श्रद्धालुओं को लेकर सुबह 11 बजे मेहंदीपुर बालाजी उतरेगी। अब श्रद्धालु ऑनलाईन टिकिट बुक करवाकर दिल्ली, जयपुर और अलवर के पिनान से इस यात्रा का लाभ ले सकेंगे। मेहंदीपुर बालाजी जिले के 'पंच गौरव' में शामिल है और धार्मिक पर्यटन को बढावा देने के प्रयासों के तहत ये सेवा शुरू की गई है। मेहंदीपुर बालाजी में देश के कोने कोने से श्रद्धालु पंहुचते है। ये सेवा शुरू होने से उन्हें सुविधा होगी। आने वाले समय में जिले के आभानेरी पर्यटन स्थल को भी इस सेवा से जोडा जायेगा।

00000

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने राजस्थान न्यायिक सेवाओं की भर्ती परीक्षा में हाई–टेक नकल के संगठित नेटवर्क का पर्दाफाश कर चार चयनित कनिष्ठ लिपिकों को गिरफ्तार किया है। एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि ये सभी अभ्यर्थी ब्लूटूथ डिवाइस और स्पाई कैमरा के जरिए नकल कर परीक्षा पास कर चुके थे। इनसे पन्द्रह लाख रूपये में सौदा तय किया गया था। इस मामले में अब तक 21 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

00000

जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी में आज महिला आरक्षी 98 और 99 बैच का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित किया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा दीक्षांत परेड का निरीक्षण करेंगे। समारोह के दौरान ये महिला आरक्षी राष्ट्रीय ध्वज और संविधान के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ लेंगी। इस अवसर पर विशिष्ट प्रशिक्षणार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पारितोषिक वितरित किए जाएंगे।

00000

पाली शहर में ईको टूरिज्म को बढावा देने के लिए वन विभाग ने लवकुश वाटिका तैयार की है। 15 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली इस वाटिका में विभिन्न प्रजातियों के हजारों पौधे लगाये गये है। हमारे संवाददाता ने बताया कि वाटिका में आगन्तुको के लिए रनिंग ट्रेक का भी निर्माण किया गया है।

....

00000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल लद्दाख से वर्चुअल माध्यम से बाडमेर जिले की सड़क का लोकार्पण किया। 32 किलोमीटर लम्बी ये सड़क बाडमेर में बाखासर से गुजरात के मवासरी तक बनाई गई है। इस टू लेन हाईवे के निर्माण पर करीब सवा तीन सौ करोड़ रूपये की लागत आई है। इससे ग्रामीण इलाकों में आवाजाही सुगम होगी। वहीं सरहदी इलाके को रणनीतिक मजबूती भी मिलेगी। इस मौके पर बाखासर में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि और सीमा सड़क संगठन के अधिकारी मौजूद रहे।

00000